




नवभारत
इंदौर, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025
11

# जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार का आरोप, युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन


▸ **नारेबाजी के बीच सौंपा कलेक्टर के नाम ज्ञापन**

**नीमच।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने मंगलवार को तीखा विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और जिला चिकित्सालय नीमच में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक उदासीनता पर गंभीर आरोप लगाए।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनमोहन सिंह (मन्नू बना बांगरेड) के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जिला चिकित्सालय, जो कभी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ माना जाता था, आज राजनीतिक उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही के कारण केवल रैफरल सेंटर बनकर रह गया है। आम जनता, खासकर गरीब मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

**प्रसूति वार्ड में अवैध वसूली का आरोप** -ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में प्रसव और छोटे ऑपरेशनों के नाम पर मरीजों के परिजनों से 5 हजार से 10 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। बार-बार शिकायतों के बावजूद दोषियों पर कार्रवाई नहीं होना, प्रशासनिक मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

**हड्डी रोग विभाग की मनमानी** - युवा कांग्रेस ने ऑर्थोपेडिक विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर होने के बावजूद मरीजों को निजी दुकानों से रॉड, प्लेट और अन्य सर्जिकल सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे गरीब मरीजों पर 10 से 15 हजार रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।



**मशीनें बंद, निजी लैब को फायदा** -जिला अस्पताल की एक्स-रे मशीनें महीनों तक जानबूझकर बंद रखे जाने का आरोप भी लगाया गया। हाल ही में एक्स-रे मशीन करीब 45 दिनों तक बंद रही, जिससे मरीजों को निजी जांच केंद्रों की ओर धकेला गया। युवा कांग्रेस ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

**डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी** -ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है, जिससे मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है और इलाज में लापरवाही हो रही है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल खड़े किए गए।

**प्रशासन को चेतावनी**

युवा कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं लाई गई, तो संगठन जनप्रतिनिधियों का घेराव और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया, मुकेश कालरा, योगेश प्रजापति, मोनू लॉक्स, बलवंत पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पीएमएफई, योजना तहत 15 जनवरी तक शत प्रतिशत प्रकरणों में स्वीकृति सुनिश्चित कराएं : वैष्णव

**नीमच।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन (पी.एम.एफ.ई.योजना) के तहत शतप्रतिशत लक्ष्य अनुरूप 122 हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों से समन्वय कर स्वीकृत करवाए और स्वीकृत सभी प्रकरणों के हितग्राहियों को 15 जनवरी 2026 तक हितलाभ वितरित करवाएं। यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उप संचालक उद्यानिकी एवं लीड बैंक प्रबंधक को दिए। बैठक में एसडीएम नीमच, जावद एवं मनासा एंव सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने कहा, कि सुशासन सप्ताह के तहत जिलो में प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। सभी नोडल जिला अधिकारी आवंटित ग्राम पंचायतों में इस अभियान के तहत आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाएं। श्री वैष्णव को निर्देश दिए कि दिशा कमेटी की बैठक में आगामी 2 जनवरी को प्रस्तावित है। सभी जिला अधिकारी पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन जिला पंचायत नीमच को अविलंब उपलब्ध करवाए।

बैठक में जनसनुवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पी.एम.एफ.ई.योजना के तहत प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत कर दिए गये है। इनमें से 65 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी कर दिया गया है।

## बिसलवास खुर्द में डोम निर्माण 6 माह से अटका

**नीमच।** जनपद क्षेत्र के बिसलवास खुर्द में डोम निर्माण कार्य छह माह से अटका हुआ है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सोमवार रात गांव के भेसा श्री माताजी मंदिर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने नरबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि यदि सात दिन के भीतर डोम का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है, तो सभी भाजपा समर्थक ग्रामीण पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे। ग्रामीणों, जिनमें नेमप्रकाश नागदा, राधेश्याम और रत्नलाल नागदा शामिल हैं, ने बताया कि छह माह पहले विधायक निधि से डोम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी। 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस डोम के लिए लगभग 13.50 लाख रुपये पंचायत के खाते में आ चुके हैं। इसके बावजूद, छह महीने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कुछ समय पहले कुछ लोगों ने निर्माण पर आपत्ति जताई थी, लेकिन बाद में उन्होंने भी सहमति दे दी थी।



## मंडी चुनाव में जबरदस्त हलचल, 5 दावेदार मैदान में, अध्यक्ष पद का मुकाबला हुआ बेहद रोचक

**नीमच।** कृषि उपज मंडी से जुड़े व्यापारी संघ चुनाव ने अब रफ्तार पकड़ ली है। अध्यक्ष पद को लेकर पहले जहां गोपाल गर्ग (जीजी) को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था, वहीं अब पूर्व अध्यक्ष राकेश भारद्वाज की एंट्री से चुनावी माहौल पूरी तरह बदल गया है। अध्यक्ष पद के लिए कुल 5 दावेदार मैदान में होने से मुकाबला बेहद रोचक और कांटे का होता नजर आ रहा है।गोपाल गर्ग और राकेश भारद्वाज के अलावा राजेंद्र गर्ग, कमल गर्ग पहले से ही दावेदारी कर रहे थे, जबकि सत्यनारायण शर्मा ने भी आज अपना नामांकन भरकर मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ सक्रिय हो चुके हैं और चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं। आज नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर -

अध्यक्ष पद की असली तस्वीर 24 दिसंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख के बाद ही स्पष्ट होगी। कौन मैदान में डटा रहेगा और कौन रणनीति के तहत नाम वापस लेगा, इस पर सभी व्यापारियों की नजरें टिकी हुई हैं।

**प्रबंध कार्यकारिणी चुनाव में भी दिखी मजबूती**

सिर्फ अध्यक्ष पद ही नहीं, बल्कि व्यापारी संघ नीमच की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव में भी कई प्रभावशाली और अनुभवी व्यापारियों ने नामांकन किया है। बड़ी संख्या में आए नामांकन से यह साफ है कि इस बार कार्यकारिणी का चुनाव भी कड़ा और प्रतिस्पर्धात्मक रहेगा। फिलहाल शीतलहर के बीच मंडी चुनाव ने नीमच के व्यापारिक जगत में सियासी गर्माहट बढ़ा दी है। अब सभी को 24 दिसंबर का इंतजार है, जब नाम वापसी के बाद चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन, दशहरा मैदान बना खेल और उत्साह का केंद्र




**नीमच।** शहर का ऐतिहासिक दशहरा मैदान शुक्रवार को खेल, अनुशासन और उत्साह से सराबोर नजर आया। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन ने पूरे शहर को खेलमय वातावरण से भर दिया। सुबह से ही मैदान में बच्चों, युवाओं और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तालियों की गड़गड़ाहट, खिलाड़ियों की हुंकार और दर्शकों के जोश ने माहौल को रोमांचक बना दिया।महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और दमखम के साथ भाग लिया। मैदान पर अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतिभागियों ने जीत के साथ-साथ खेल के मूल्यों को भी प्राथमिकता दी और एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं और खेल राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं।

महोत्सव में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता के लिए शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी आवश्यक है। उन्होंने समाज से अपील की कि खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बन सके।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष किरण शर्मा, पार्षद छाया जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और खेल प्रेमी मौजूद रहे। सांसद खेल महोत्सव ने न केवल स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया, बल्कि नीमच में खेल संस्कृति को नई दिशा और नई उड़ान भी प्रदान की।



## गोपालन कर, 42 हजार रूपये प्रतिमाह कमा रहे हैं किसान कन्हैयालाल

**नीमच।** जिले के विकासखण्ड नीमच के गांव पालसोड़ा निवासी किसान श्री कन्हैयालाल पाटीदार खेती के साथ ही दो गायों का पशुपालन कर, प्रतिमाह बयालीस हजार रूपये अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है।

किसान कन्हैयालाल ने 6 माह पहले 1.55 लाख रूपये में उन्नत नस्ल की दो एच.एफ.गाये खरीदी थी। वे इन गांयों से प्रतिदिन 1400 रूपये का दुग्ध प्राप्त कर विक्रय कर रहे है। कन्हैयालाल बताते है, कि अब गौपालन से इतनी आय हो जाती है, कि इसमें उनके घर खर्च की भरपाई हो जाती है। साथ ही गायों के गोबर से उपजाऊ खाद भी मिल रही है। कन्हैयालाल कहते है, कि गौपालन की वजह से कृषि से होने वाली आय की पूरी बचत उन्हें हो रही है। वे आधा पशु आहार बाजार से खरीद कर लाते है और आधा पशु आहार घर पर ही तैयार करते है। इससे गांयों में कार्बोहाईट्रेड प्रोटीन, वसा, की पूर्ति हो जाती है, वे समय-समय पर पशुओं का टीकाकरण भी करवा रहे है। इस तरह गौपालन कर किसान कन्हैयालाल अपने परिवार का अच्छे से भरण पोषण कर पा रहे है। अब वे सिर्फ कृषि पर ही निर्भर नहीं रहे है। उन्होने पशुपालन को आर्थिक समृद्धि का आधार बना लिया है।




## आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण और मांस विक्रय से हालात तनावपूर्ण

▸ **नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की**

**नीमच।** शहर के एक आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण और मांस विक्रय की गतिविधियां लगातार जारी रहने से स्थानीय निवासी परेशान हैं। बंगला नं. 41 की 64 वर्षीय दलजीत कौर और उनके परिजन संदीप वाधवा ने इस गंभीर मामले को लेकर कलेक्टर नीमच, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और नगर पालिका में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके बावजूद मौके पर बिना अनुमति निर्माण कार्य और अंडा-चिकन की दुकान संचालित हो रही है।

पीड़िता दलजीत कौर ने बताया कि उनका निवास मार्ग मात्र 8 फीट चौड़ा है, जो पहले से ही संकरा है। इसी मार्ग पर हो रहे अवैध निर्माण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। इसके अलावा पूर्णत: आवासीय क्षेत्र में अंडे एवं चिकन की दुकानें खोली जा रही हैं, जो नगर नियोजन और नियमों के खिलाफ है। शिकायत में यह भी बताया गया कि मुख्य मार्ग पर संचालित इन दुकानों के कारण रात 11-12 बजे तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो रही है और महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को असुरक्षा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दलजीत कौर ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित निर्माण की वैधता की जांच कराई जाए और यदि यह अवैध पाया गया तो तत्काल निर्माण कार्य रुकवाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

**एक नजर** ▸ कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 107 आवेदकों की सुनी समस्याएं

## गुड्डीबाई को पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने के एसडीएम को दिए निर्देश

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसनुवाई करते हुए 107 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।




जनसुनवाई में ग्राम धामनिया की गुड्डीबाई ने कलेक्टर से अपने ससुर के नाम की पट्टे की जमीन पर गांव के अन्य समाज के लोगो द्वारा किया गया अवैध कब्जा हटाकर कब्जा दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को गुड्डीबाई के आवेदन की जांच कर समय-सीमा में कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

**बगदीबाई को उपचार के लिए 10 हजार रूपये की मिली मदद :** मडावदा के सीताराम रेगर ने अपनी पत्नि बगदीबाई के किडनी के उपचार के लिए आर्थिक सहायता दिलाने के लिए कलेक्टर से अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने बगदीबाई के उपचार के लिए रेडक्रास से 10 हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जनसुनवाई में जावद के दिलीप थारेचा ने मोरवन तालाब नहर को तोड़ने वालो के विरूद्ध कार्यवाही कर, नहर चालू करवाने के अनुरोध पर जल संसाधन विभाग को नहरों को क्षति पहुचाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है।

जनसुनवाई में बरडिया की आशा, सरवानिया महाराज के विनोद कुमार, नीमच केंट के रज्जाक हुसैन, विकास नगर नीमच के रमेशचंद्र, मोरवन के अब्दुल गनी, डोराई की रूकमाबाई, घसुंडी बामनी के सुरजमल, बरखेडा कामलिया के जगदीशचंद्र, बघाना की ईशिका, गिरदौडा के रूपचंद शर्मा, बरडिया जागीर के देवकिशन, धामनिया के महेन्द्र सिह, दलावदा की अंशीबाई ने अपना आवेदन प्रस्तुत कर समस्या सुनाई।

इसी तरह भगवानपुरा की इंदिरा बाई, राजाखेडी की आरती, कुकडेश्वर के लक्ष्मीनारायण, जुना मालाहेडा की बच्चीबाई जमुनिया कला के हरिश, नीमच सिटी के सुखदेव, रतनगढ के चांदमल चारण, नीमच के मकबूल हसैन, सरजना के यशवंत सिह, कनावटी के मोहम्मद अल्फाज, खानखेडी क श्यामलाल, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच के लाला, तालखेडा की सरजूबाई, जयसिंगपुरा की अफसाना, सिरखेडा की फुलाबाई, सावन के मुन्नालाल, सेमली चंद्रावत के राधेश्याम, रानपुर की बबलू कुंवर ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## एक नजर में

### कृषि विज्ञान केन्द्र नीमच में किसान दिवस मनाया

**नीमच।** आई.सी.ए.आर. - अटारी, जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय, ग्वालियर के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में दिनॉक 23.12.2025 को किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन वेबकास्टींग के माध्यम से जिले के किसानों को दिखाया गया। वेबकास्टिंग के माध्यम से कृषि राज्य मंत्री माननीय श्री भागीरथ चौधरी एवं देवेश चतुर्वेदी, सचिव, केन्द्रीय कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ डॉ. राजबीर सिंह, डीडीजी (एक्टेन्शन), आईसीएआर ने भी संबोधित किया। केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सी. पी. पचौरी ने कार्यक्रम की रुपरेखा बतायी एवं भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजना में किए गए कृषक एवं मजदूर हितैषी परिवर्तनों को बारे में विस्तार से बताया। भारत एक कृषि प्रधान देश होने से भारत की अर्थ व्यवस्था कृषि पर आधारित है। मनरेगा में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन की गारंटी रोजगार जोड़ा जाकर यह निश्चित किया गया कि देश भर में कृषि कार्यों के समय (जो भिन्न राज्यों में भिन्न है) मजदूर कृषि कार्य को करते हुए रोजगार प्राप्त करेंगे जिससे कृषि कार्य जैसे बुवाई कटाई में रुकावट न आए एवं रोजगार भी बाधित न हो। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों डॉ पी. एस. नरुका, डॉ एस एस सारंगदेवोत, डॉ शिल्पी वर्मा एवं डॉ. जे. पी. सिंह ने भी कृषकों को किसान दिवस विशेषता बताते हुए समसामयिक सलाह दी। कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा से एटीएम बीटीएम अधिकारी, स्वामी विवेकानन्द पी जी कॉलेज नीमच के छात्र-छात्राएँ, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर से कार्यानुभव प्राप्त करने आयी छात्राओं के साथ जिले के जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 150 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने सहभागिता की।

### औद्योगिक भ्रमण संपन्न



**कुकडे़श्वर।** समीपस्थ हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलिया हाडी में औद्योगिक बौद्धिक संपन्न हुआ। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत छात्रों और छात्राओं के बौद्धिक एवं प्रयोगात्मक ज्ञान के साथ-साथ नई तकनीक की जानकारी के उद्देश्य से औद्योगिक भ्रमण कराया गया यह भ्रमण टच एंड ग्लो ब्यूटी सैलून एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मानसा जिला नीमच द्वारा कराया गया औद्योगिक भ्रमण में ट्रेड से संबंधित जानकारियां एवं उनके लाभों से अवगत कराया गया जिससे भविष्य में छात्र एवं छात्राएं बेहतर ढंग से उन्हें संचालित कर सके औद्योगिक भ्रमण से छात्र के अंदर जॉब के सुअवसर पाने का भी मौका मिलता है इस औद्योगिक भ्रमण में दल प्रभारी के रूप में श्रीमान शिव प्रसाद नागदा, श्रीमती दिव्या साहू एवं श्रीमान अनिल गोस्वामी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा इस औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाया विद्यार्थियों ने इस औद्योगिक भ्रमण को बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से मिली मदद



**नीमच।** बेरोजगार युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ लेकर नीमच निवासी श्री धरमवीर यादव पिता बलवंत सिंह ने स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया है। वे पेपर कप निर्माण का कार्य कर रहे है। शासन द्वारा श्रमवीर यादव को औद्योगिक क्षेत्र नीमच में भूखण्ड क्रमांक 21 क्षेत्रफल 5600 वर्गफीट औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवंटित किया गया है। इस भूखण्ड पर उद्योग स्थापित करने के लिये उन्हें शासन से आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी, तो उन्होने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नीमच में संपर्क किया, जहां से उन्हें केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। धरमवीर यादव ने उक्त योजना में 20 लाख रूपये का ऋण आवेदन इंडियन बैंक शाखा नीमच को प्रस्तुत किया। बैंक द्वारा 8 मार्च 2018 को उन्हें स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिए 20 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया। इसपर उन्हें 5 लाख रूपये का अनुदान भी मिला। श्री धमरवीर यादव ने शासन से मिली इस मदद से शिव शक्ति डिस्पोजल नाम से उद्योग स्थापित कर, बैंक से लिया गया ऋण पूर्ण रूप से चुका दिया है। वे 6 से 7 लाख रूपये वार्षिक आय प्राप्त कर रहे है। इस उद्योग को स्थापित कर, धर्मवीर यादव स्वयं तो आत्मनिर्भर बने ही है। साथ ही आठ-दस लोगों को अपने उद्योग में रोजगार भी प्रदान कर रहे है। यादव आज प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत मिली मदद के फलस्वरूप एक सफल उद्यमी बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गये है।

### ग्राम दारू में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर - 36 रोगियों ने लिया लाभ




**नीमच।** निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय दारू द्वारा मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय नई आबादी दारू में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 36 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई।

### कुकडे़श्वर क्षेत्र में गांजे की खेती का भंडाफोड़, 10 हजार पौधे जब्त



**नीमच।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्य स्तरीय अभियान के तहत नीमच पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुकडेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने गेहूं और रायड़ा की फसल की आड़ में की जा रही अवैध गांजे की खेती का खुलासा करते हुए करीब 10 हजार हरे पौधे जब्त किए हैं, जिनका कुल वजन लगभग 3 क्विंटल 12 किलो आंका गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित कुमार जायसवाल के निर्देशन में अंजाम दी गई। थाना प्रभारी कुकडेश्वर निरीक्षक भीम सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कुकडेश्वर, मनासा व रामपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। दिनांक 22 दिसंबर 2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम आमद रामसुपुरिया (अमरगढ़) रोड स्थित एक खेत पर दबिश दी। खेत में गेहूं और रायड़ा की फसल के बीच पत्थर की मेड के पास अवैध रूप से उगाए गए गांजे के करीब 10 हजार छोटे-बड़े हरे पौधे पाए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया।